यदि + का अर्थ – है, – का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है, और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

1000 × 500 + 10 ÷ 50 – 5 = ?

- A. 243
- B. 234
- C. 224
- D. 242 ✓

Q59 General Intelligence and Reasoning

दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

124 135 113 146 102 ?

- A. 168
- B. 170
- C. 157 ✓
- D. 160

Q60 General Intelligence and Reasoning

यदि 'A' का अर्थ '÷', 'B' का अर्थ '×', 'C' का अर्थ '+' और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

23 B 4 C 2 D 16 A 4 = ?

- A. 90 ✓
- B. 80
- C. 120
- D. 70

Q61 General Intelligence and Reasoning

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से RPNK का संबंध LJHE से है। उसी तरह, XVTQ का संबंध RPNK से है। समान तर्क का पालन करते हुए, दिए गए विकल्पों में से JHFC का संबंध किससे है?

- A. DBZW ✓
- B. DCYB
- C. DAYW
- D. DBYW

Q62 General Intelligence and Reasoning

मि. S, बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करते हैं और पूर्व की ओर 1 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं और 2 km ड्राइव करते हैं, फिर वह दाएं मुड़ते हैं और 9 km ड्राइव करते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं और 3 km ड्राइव करते हैं, फिर दाएं मुड़ते हैं और 11 km ड्राइव करते हैं। वह अंत में दाएं मुड़ते हैं, 1 km ड्राइव करते हैं और बिंदु P पर रुक जाते हैं। बिंदु A पर पुनः पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना होगा? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

- A. 3 km पश्चिमकी ओर
- B. 2 km उत्तर की ओर
- C. 3 km दक्षिणकी ओर
- D. 1 km पूर्वकी ओर ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q63 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में,
A - B का अर्थ है, 'A, B की बहन है'
A * B का अर्थ है, 'A, B की पत्नी है'
A > B का अर्थ है, 'A, B का भाई है'
A ; B का अर्थ है, 'A, B का पिता है'

यदि 'F ; L > A - G * S' है, तो उपर्युक्त के आधार पर, F का S से क्या संबंध है?

A. पत्नी के पिता ✓
B. पत्नी की माता
C. पत्नी का पुत्र
D. पत्नी की बहन

Q64 General Intelligence and Reasoning

निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं और गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है)।

(बाएं) 4 5 7 1 4 7 2 4 7 9 7 2 5 4 1 7 5 7 7 9 5 2 7 (दाएं)

ऐसे कितने सम अंक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक है और ठीक बाद में एक सम अंक भी है?

A. एक भी नहीं
B. दो
C. तीन
D. एक ✓

Q65 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'DINE' को '5279' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'NODE' को '9753' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में, 'O' के लिए कूट क्या है?

A. 3 ✓
B. 5
C. 9
D. 7

Q66 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी मार्जिन, बॉर्डर हैं।
सभी मार्जिन, रिम हैं।
सभी फ्रिंज, रिम हैं।

निष्कर्ष:
(I): सभी फ्रिंज, बॉर्डर हैं।
(II): कुछ रिम, बॉर्डर हैं।

A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। ✓
B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Q67 General Intelligence and Reasoning

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से TORM का संबंध MORT से है। उसी प्रकार, PLOT का संबंध LOPT से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, LAST का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

A. ASLT
B. ASTL
C. ALST ✓
D. ATSL


Q68 General Intelligence and Reasoning

सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। C और F के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। A, F के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। E के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। E और A के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। B, G के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। F और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

A. 1
B. 3
C. 4
D. 2 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q69 General Intelligence and Reasoning




A. 


B.  ✓


C. 


D. 


Q70 General Intelligence and Reasoning



A. 

B. 

C. 

D. 
 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q71 General Awareness

निम्नलिखित में से किस संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों को शामिल **नहीं** किया गया है?

- A. 73वें संविधान संशोधन अधिनियम ✓
- B. 44वें संविधान संशोधन अधिनियम
- C. 86वें संविधान संशोधन अधिनियम
- D. 42वें संविधान संशोधन अधिनियम

Q72 General Awareness

जल और खनिजों का परिवहन मुख्य रूप से पौधे के किस भाग के माध्यम से होता है?

- A. पंखुड़ी
- B. जाइलम ✓
- C. फ्लोएम
- D. रंध्र

Q73 General Awareness

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (National Green Tribunal) के अध्यक्ष की नियुक्ति कौन करता है?

- A. उसे गृह मंत्री द्वारा नियुक्त किया जाता है।
- B. उसे राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है। ✓
- C. उसे भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा नियुक्त किया जाता है।
- D. उसे केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है।

Q74 General Awareness

कुल्लू से 1857 के विद्रोह के लीडर (leader) कौन थे?

- A. मौलवी लियाक़त अली
- B. राजा प्रताप सिंह ✓
- C. अब्दुल अली खान
- D. उज्ज्वल शाही

Q75 General Awareness

भारत सरकार में मंत्रिमंडल का प्राथमिक कार्य क्या है?

- A. केवल स्थानीय सरकारी मामलों का प्रबंधन करना
- B. चुनाव कराना
- C. अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की संचालन करना
- D. औपचारिक अर्थ में सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था के रूप में कार्य करना ✓

Q76 General Awareness

निम्नलिखित में से किन शब्दों को शामिल करने के लिए, भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 1976 में संशोधन किया गया था?

- A. लोकतांत्रिक और गणतंत्र
- B. एकता और अखंडता
- C. समाजवादी और पंथनिरपेक्ष ✓
- D. संघीय और संसदीय

Q77 General Awareness

1857 के विद्रोह से पहले, ब्रिटिश गवर्नर जनरल लॉर्ड डलहौजी ने निम्नलिखित में से किस क्षेत्र को अपने अधीन कर लिया था, जिसने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम को बढ़ावा मिला?

- A. अवध ✓
- B. असम
- C. पंजाब
- D. ग्वालियर

Q78 General Awareness

शीत ऋतु के दौरान, _____ के ऊपर उच्च दाब केंद्र से पृष्ठीय पवनें बहती हैं, जो शुष्क महाद्वीपीय वायु संहति (dry continental air mass) के रूप में भारत पहुंचती हैं।

- A. प्रायद्वीपीय भारत
- B. पश्चिमी घाट
- C. अरावली पर्वतमाला
- D. मध्य एशिया ✓

Q79 General Awareness

यूईएफए (UEFA) चैंपियंस लीग 2024 का फाइनल 1 जून 2024 को _____ में स्थित वेम्बली स्टेडियम में हुआ था।

- A. टोक्यो
- B. न्यू यॉर्क
- C. लंदन ✓
- D. कैलिफोर्निया

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q80 General Awareness

निम्नलिखित में से कौन-सी जनजाति मुख्यतः अरूणाचल प्रदेश राज्य में पाई जाती है?

A. बिरहोर
B. असुर
C. भील
D. गालो ✓

Q81 General Awareness

विशाखदत्त द्वारा निम्नलिखित में से किस पुस्तक की रचना की गई थी?

A. कुण्डलाकेशी(Kundalakesi)
B. मुद्राराक्षस (Mudrarakshasa) ✓
C. यवनजातक (Yavanajataka)
D. शिलप्पातिकारम (Silappatikaram)

Q82 General Awareness

2024 की तीसरी तिमाही (Q3 2024) में कर प्रावधानों को छोड़कर आईसीआईसीआई (ICICI) बैंक के प्रावधान कितने थे?

A. ₹1,250 करोड़
B. ₹1,050 करोड़ ✓
C. ₹2,257 करोड़
D. ₹1,500 करोड़

Q83 General Awareness

भारत में आर्थिक संकट और राजनीतिक अस्थिरता के कारण निम्नलिखित में से कौन-सी पंचवर्षीय योजना बाधित हुई थी और जिसमें अंततः गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित किया गया?

A. छठी पंचवर्षीय योजना (1980-85)
B. तीसरी पंचवर्षीय योजना (1961-66)
C. चौथी पंचवर्षीय योजना (1969-74)
D. पांचवीं पंचवर्षीय योजना (1974-78) ✓

Q84 General Awareness

निम्नलिखित में से किस संगठन का उद्देश्य धारणीय एवं समतापूर्ण कृषि तथा ग्रामीण विकास को बढ़ावा देना है?

A. SBI
B. RBI
C. भारतीय ग्रामीण बैंक
D. NABARD ✓

Q85 General Awareness

दक्कन का पठार मुख्यतः किस प्रकार के शैल समूहों से बना है?

A. कायांतरित शैल
B. आग्नेय शैल ✓
C. जीवाश्म शैल
D. अवसादी शैल

Q86 General Awareness

सुरों के उस विशिष्ट क्रम को क्या कहते हैं जो भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रत्येक राग के लिए विशिष्ट है और जिसके द्वारा श्रोता राग को तुरंत पहचान सकता है?

A. आरोह
B. पकड़ ✓
C. थाट
D. अवरोह

Q87 General Awareness

अक्टूबर 2024 तक की स्थिति के अनुसार, भारत में किस पारजीनी फसल (transgenic crop) की व्यावसायिक रूप से खेती की जा रही है?

A. आलू
B. बैंगन
C. कपास ✓
D. टमाटर

Q88 General Awareness

भारत की द्वितीय पंचवर्षीय योजना (1956-1961) का प्रमुख अवयव निम्नलिखित में से क्या था?

A. भारी उद्योगों का विकास ✓
B. निजी क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देना
C. गरीबी उन्मूलन पर ध्यान देना
D. सेवा क्षेत्र का विस्तार

Q89 General Awareness

औद्योगीकरण पर जोर देते हुए द्वितीय पंचवर्षीय योजना किस वर्ष प्रारंभ की गई थी?

A. 1966
B. 1956 ✓
C. 1961
D. 1971

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q90 General Awareness

वैदिक काल में समाज में 'राजन्य' की क्या भूमिका होती थी?

A. पुजारी और विद्वान

B. किसान और मजदूर

C. राजा और योद्धा ✓

D. व्यापारी और कारोबारी

Q91 General Awareness

एक पारदर्शी माध्यम से दूसरे पारदर्शी माध्यम में गुजरते समय प्रकाश के मुड़ने की परिघटना _____के कारण होती है।

A. परावर्तन

B. प्रकीर्णन

C. विवर्तन

D. अपवर्तन ✓

Q92 General Awareness

'भाबर' और 'खादर' बेल्ट भारत के किस भूआकृतिक विभाजन का हिस्सा हैं?

A. हिमालय पर्वत

B. प्रायद्वीपीय पठार

C. तटीय मैदान

D. उत्तरी मैदान ✓

Q93 General Awareness

_____ के कारण थार मरूस्थल के तापमान में काफी विभिन्नता पायी जाती है।

A. नियमित बारिश होने

B. उच्च तुंगता

C. समुद्र से निकटता

D. शुष्क परिस्थितियों और दुर्लभ वनस्पति ✓

Q94 General Awareness

हरित क्रांति निम्नलिखित में से किस तकनीक से संबंधित थी?

A. रासायनिक उर्वरकों और पीड़कनाशकों का उपयोग ✓

B. जैविक खेती

C. फसल चक्र

D. सीढ़ीनुमा खेती

Q95 General Awareness

नीति आयोग के अनुसार, 2013-14 और 2022-23 के बीच भारत में कितने लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर हो गए?

A. 24.82 करोड़ ✓

B. 18.3 करोड़

C. 30 करोड़

D. 12.5 करोड़

Q96 General Awareness

गति के नियम, वस्तुओं के गतिशील होने की स्थिति में उनके व्यवहार का वर्णन करते हैं। इन नियमों के निरूपण का श्रेय निम्नलिखित में से किसे दिया जाता है?

A. माइकल फैराडे

B. आइज़ैक न्यूटन ✓

C. अल्बर्ट आइंस्टीन

D. जेजे थॉमसन

Q97 General Awareness

इलाहाबाद में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किसने/किन्होंने किया था?

A. कुंवर सिंह

B. मौलवी लियाकत अली ✓

C. लक्ष्मी बाई और तात्या टोपे

D. खान बहादुर खान

Q98 General Awareness

निम्नलिखित में से कौन समुद्रगुप्त का दरबारी कवि था?

A. वात्स्यायन

B. हरिषेण ✓

C. कालिदास

D. भारवि

Q99 General Awareness

'गरीबी हटाओ' (गरीबी उन्मूलन) का नारा किस पंचवर्षीय योजना के दौरान दिया गया था?

A. तीसरी योजना

B. पांचवी योजना ✓

C. दूसरी योजना

D. चौथी योजना

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q100 General Awareness

1857 के भारतीय विद्रोह के दौरान मिर्ज़ा वाजिद अली शाह निम्नलिखित में से किस क्षेत्र के राजा थे?

A. सतारा
B. कानपुर
C. अवध ✓
D. मेरठ

Q101 General Awareness

भारत के उत्तरी भाग में रबी की अधिकतर फसलें निम्नलिखित में से किस महीने में काटी जाती हैं?

A. जनवरी से मार्च
B. अक्टूबर से दिसंबर
C. अप्रैल से जून ✓
D. जुलाई से सितंबर

Q102 General Awareness

जुलाई 2024 में, लोकसभा में प्रस्तुत किए गए भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 में कितने वैधानिक प्राधिकरण स्थापित करने का प्रस्ताव था?

A. दस
B. छः
C. तीन ✓
D. दो

Q103 General Awareness

भारत में शासन करने की शक्ति ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी से ब्रिटिश संसद को निम्नलिखित में से किस वर्ष हस्तांतरित की गई थी?

A. 1858 AD ✓
B. 1857 AD
C. 1861 AD
D. 1860 AD

Q104 General Awareness

जनवरी 2024 में, भारत सरकार ने किस स्थान पर एक प्रमुख कार्यक्रम 'सेंटर ऑफ ऐक्सेलेंसी (CoE) इंटेलिजेंट इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IIoT) सेंसर्स' ('Centre of Excellence (CoE) in Intelligent Internet of Things (IIoT) Sensors') शुरू किया?

A. बेंगलुरु
B. पुणे
C. हैदराबाद
D. कोच्चि ✓

Q105 General Awareness

सितंबर 2024 में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किस राज्य में भारत की पहली वंदे मेट्रो, जिसका नाम बदलकर 'नमो भारत रैपिड रेल' रखा गया है, को हरी झंडी दिखाई?

A. मध्य प्रदेश
B. हरियाणा
C. राजस्थान
D. गुजरात ✓

Q106 General Awareness

2017 में भारतीय पार्श्व गायक सोनू निगम ने निम्नलिखित में से किस संगीत एल्बम के लिए ग्रैमी पुरस्कार जीता?

A. जान
B. मुबारकां ✓
C. दीवाना
D. बेस्ट ऑफ़ मी

Q107 General Awareness

सितंबर 2024 में, सर्वोच्च न्यायालय ने तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी को किस मामले में जमानत दी?

A. कर चोरी का मामला
B. मनी लॉन्ड्रिंग का मामला ✓
C. पॉस्को (POSCO) एक्ट
D. भ्रष्टाचार का मामला

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q108 General Awareness

प्लास्टिड, पादप कोशिकाओं में महत्वपूर्ण अंगक होते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा, प्लास्टिड का कार्य है?

A. प्रोटीन का संश्लेषण
B. अंगकों का संचलन
C. आनुवंशिक सूचना का भंडारण
D. प्रकाश संश्लेषण ✓

Q109 General Awareness

राजस्थान के अर्द्ध शुष्क एवं शुष्क क्षेत्रों में कौन-सी पारंपरिक जल संचयन प्रणाली अपनाई जाती है?

A. गुल (Guls)
B. बांस पाइप (Bamboo pipes)
C. छत पर जल संचयन (Rooftop harvesting) ✓
D. टांका (Tankas)

Q110 General Awareness

जल का आयतन बनाम तापमान ग्राफ, _____ तापमान पर न्यूनतम तक पहुंच जाता है।

A. 10°C
B. 0°C
C. 100°C
D. 4°C ✓

Q111 General Awareness

ऋण वसूली अधिकरण (DRTs) की स्थापना किस अधिनियम के अंतर्गत की गई?

A. SARFAESI अधिनियम, 2002
B. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019
C. ऋण वसूली और दिवालियापन अधिनियम (RDB अधिनियम), 1993 ✓
D. प्रतिभूतिकरण अधिनियम, 2002

Q112 General Awareness

रिपोर्ट की गई अवधि के दौरान, सकल FDI इनफ्लो का अधिकांश हिस्सा किन क्षेत्रों से प्राप्त हुआ?

A. विनिर्माण, वित्तीय सेवाएं, संचार सेवाएं और बिजली ✓
B. रियल एस्टेट और खुदरा
C. सूचना प्रौद्योगिकी और आतिथ्य
D. कृषि और वस्त्र

Q113 General Awareness

42वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य किया गया?

A. मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की गई।
B. प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष शब्द जोड़ा गया। ✓
C. मंत्रिपरिषद के आकार को निश्चित किया गया।
D. दलबदल विरोधी कानून पेश किया गया।

Q114 General Awareness

बैंक क्लिनिक, ग्राहकों को खुदरा बैंकिंग में उनकी शिकायतों के समाधान करने में सहायता करने के लिए, _____ द्वारा जून 2024 में शुरू की गई एक पहल है।

A. वित्त मंत्रालय
B. आल इंडिया बैंक एम्प्लाइज' एसोसिएशन (AIBEA) ✓
C. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)
D. भारतीय बैंकसंघ (IBA)

Q115 General Awareness

निम्नलिखित में से किस सिख गुरु की जयंती पर प्रकाश पर्व मनाया जाता है?

A. गुरु गोबिंद सिंह
B. गुरु हरगोबिंद सिंह
C. गुरु नानक देव ✓
D. गुरु तेग बहादर

Q116 General Awareness

स्वतंत्रता के बाद के प्रारंभिक वर्षों में, भारत के विकास के लिए किस सेक्टर (क्षेत्रक) को प्राथमिकता दी गई?

A. प्राथमिक क्षेत्रक ✓
B. चतुर्थक क्षेत्रक
C. तृतीयक क्षेत्रक
D. द्वितीयक क्षेत्रक

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q117 General Awareness

2024 में प्रकाशित पुस्तक 'ऐन अनकॉमन लव: द अर्ली लाइफ ऑफ सुधा ऐंड नारायण मूर्ति' (An Uncommon Love: The Early Life of Sudha and Narayana Murthy) के लेखक कौन हैं?

- A. चित्रा बनर्जी दिवाकरुनी ✓
- B. रोहन मूर्ति
- C. सुनंदा कुलकर्णी
- D. अक्षता नारायण मूर्ति

Q118 General Awareness

वर्ल्ड वाटर काउंसिल (WWC) के साथ साझेदारी में किस एशियाई देश ने 18 से 25 मई 2024 तक 10वें वर्ल्ड वाटर फोरम की मेजबानी की?

- A. इंडोनेशिया ✓
- B. वियतनाम
- C. सिंगापुर
- D. म्यांमार

Q119 General Awareness

_____, टेस्ट क्रिकेट में 300 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले भारतीय बाएं हाथ के स्पिनर बने।

- A. कुलदीप यादव
- B. अर्शदीप सिंह
- C. अक्षर पटेल
- D. रविंद्र जडेजा ✓

Q120 General Awareness

निम्नलिखित में से कौन बिना विधान सभा वाले केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासक की नियुक्ति करता है?

- A. केंद्रीय मंत्रिमंडल
- B. प्रधानमंत्री
- C. भारत के राष्ट्रपति ✓
- D. राज्य के मुख्यमंत्री

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Arithmetic

35 Questions • Answer Key

Q1 Arithmetic

एक परीक्षा में, जॉन द्वारा अंग्रेजी, गणित, हिंदी और ड्राइंग में प्राप्त औसत अंक 50.5 थे। गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन और क्राफ्ट में उनके औसत अंक 70 थे। यदि सभी सात विषयों में औसत अंक 58 थे, तो गणित में उसके अंक कितने थे?

A. 60
B. 50
C. 76 ✓
D. 52

Q2 Arithmetic

एक कार पहले घंटे में 194 km और दूसरे घंटे में 286 km की यात्रा करती है। पूरी यात्रा के दौरान कार की औसत चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

A. 240 ✓
B. 234
C. 249
D. 246

Q3 Arithmetic

यदि (5420 + 3312 + x) ÷ 600 = 25.93 हो तो x का मान ज्ञात कीजिए।

A. 1558
B. 6287
C. 6826 ✓
D. 6359

Q4 Arithmetic

किसी धनराशि में साधारण ब्याज दर से 4 वर्ष में 40% की वृद्धि होती है। ₹15,000 का समान ब्याज दर से 3 वर्ष बाद चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा (जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित किया जाता है)?

A. ₹1,331
B. ₹5,000
C. ₹19,965
D. ₹4,965 ✓

Q5 Arithmetic

पाँच संख्याओं का योगफल 655 है। पहली दो संख्याओं का औसत 77 है और तीसरी संख्या 132 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

A. 210
B. 185.5
C. 184.5 ✓
D. 209

Q6 Arithmetic

यदि क्रय मूल्य, विक्रय मूल्य का 72% है तो लाभ प्रतिशत (लगभग) कितना है?

A. 61.2%
B. 14.4%
C. 38.8% ✓
D. 28%

Q7 Arithmetic

निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 1 से 17 के बीच की सभी अभाज्य संख्याओं से पूर्णतः विभाज्य है?

A. 818313
B. 459545
C. 550540
D. 150150 ✓

Q8 Arithmetic

24 और 36 का महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए।

A. 12 ✓
B. 18
C. 8
D. 6

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q9 Arithmetic

यदि कोई वस्तु अंकित मूल्य पर बेची जाती है, तो लाभ का प्रतिशत 50% है। अंकित मूल्य पर x% की छूट दी जाती है और अर्जित लाभ x% है। x का मान _____ है।

- A. 20 ✓
- B. 27.5
- C. 25
- D. 22.5

Q10 Arithmetic

₹3,600 की धनराशि वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की किस दर से 2 वर्षों में ₹4,277.16 हो जाएगी?

- A. 9.5%
- B. 8.5%
- C. 8%
- D. 9% ✓

Q11 Arithmetic

8 संख्याओं का योगफल 924 है। उनका औसत ज्ञात कीजिए।

- A. 114.5
- B. 115.5 ✓
- C. 113.5
- D. 116.5

Q12 Arithmetic

तीन पाइप, A, B और C, मिलकर एक टैंक को 8 घंटे में भर सकते हैं। 2 घंटे एकसाथ मिलकर काम करने के बाद, C बंद हो जाता है, और A तथा B शेष भाग को 9 घंटे में भर सकते हैं। C द्वारा अकेले खाली टैंक को भरने में लिया गया समय ज्ञात कीजिए।

- A. 20 घंटे
- B. 16 घंटे
- C. 24 घंटे ✓
- D. 12 घंटे

Q13 Arithmetic

हल कीजिए: 41 - [36 - {48 ÷ 2 - (6 - 6 ÷ 3) ÷ 2}]

- A. 28
- B. 27 ✓
- C. 29
- D. 26

Q14 Arithmetic

एक विद्यालय में 2664 विद्यार्थी हैं तथा विद्यालय में लड़कों और लड़कियों का अनुपात 41 : 31 है, तो विद्यालय में लड़कों की संख्या ज्ञात कीजिए।

- A. 1515
- B. 1499
- C. 1517 ✓
- D. 1509

Q15 Arithmetic

एक व्यापारी अपने माल पर लागत मूल्य से 30% अधिक मूल्य अंकित करता है तथा अपने ग्राहकों को उनके बिलों पर 20% की छूट देता है। उसे कितने प्रतिशत लाभ होता है?

- A. 2%
- B. 6%
- C. 4% ✓
- D. 8%

Q16 Arithmetic

एक 375 m लंबी रेलगाड़ी विपरीत दिशा में 10.2 km/h की चाल से चल रहे एक व्यक्ति को 15 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी की चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

- A. 79.8 ✓
- B. 77.6
- C. 77.3
- D. 76.2

Q17 Arithmetic

एक थोक व्यापारी सोयाबीन तेल का एक टिन ₹5,720 में बेचता है और उसे 12% की हानि होती है। अब, यदि वह सोयाबीन तेल का दूसरा टिन ₹7,475 में बेचने का निर्णय लेता है, तो दूसरे टिन की बिक्री में उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

- A. 10%
- B. 15% ✓
- C. 25%
- D. 20%

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 Arithmetic

धारा की चाल 4 km/hr है। एक मोटरबोट 6 km धारा के विपरीत दिशा में जाती है और 48 मिनट में वापस प्रारंभिक बिंदु पर आ जाती है। नाविक की मोटर की चाल (km/hr में) कितनी है?

A. 17
B. 16 ✓
C. 8
D. 18

Q19 Arithmetic

₹27 प्रति kg वाली चीनी को ₹55 प्रति kg वाली चीनी के साथ किस अनुपात में मिलाया जाना चाहिए ताकि मिश्रण को ₹57.6 प्रति kg पर बेचने पर 44% का लाभ हो?

A. 15 : 11
B. 15 : 13 ✓
C. 15 : 17
D. 14 : 16

Q20 Arithmetic

एक संख्या में 40 % की वृद्धि करने पर 3290 प्राप्त होता है। वह संख्या _____है।

A. 2350 ✓
B. 1175
C. 4700
D. 7050

Q21 Arithmetic

PQRS एक आयत है। भुजा PQ एवं QR का अनुपात 3 : 4 है। यदि विकर्ण PR की लंबाई 10 cm है, तो आयत का परिमाप (cm में) ज्ञात कीजिए।

A. 28 ✓
B. 36
C. 30
D. 24

Q22 Arithmetic

किसी कंपनी को कुछ लाभ (₹ में) प्राप्त होता है, जिसे कंपनी के तीन भागीदारों के बीच 12 : 13 : 15 के अनुपात में वितरित किया जाता है। यदि सबसे छोटे और सबसे बड़े हिस्से के बीच का अंतर ₹36684 है, तो कंपनी का कुल लाभ (₹ में) ज्ञात कीजिए।

A. 489120 ✓
B. 489085
C. 489096
D. 489144

Q23 Arithmetic

प्रथम 130 सम संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

A. 132
B. 131.5
C. 131 ✓
D. 130.5

Q24 Arithmetic

पाँच अंकों की सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जो 11, 22, 33, 44 और 55 से पूर्णतः विभाज्य है।

A. 99680
B. 99660 ✓
C. 99880
D. 99860

Q25 Arithmetic

84 km/h की चाल से चलने वाली एक बस, 7 घंटे में एक यात्रा पूरी करती है। 14 घंटे में समान दूरी तय करने के लिए, बस किस चाल से यात्रा करेगी?

A. 45 km/h
B. 42 km/h ✓
C. 44 km/h
D. 40 km/h

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q26 Arithmetic

किसी परीक्षा में एक विद्यार्थी के अंक 72 से बढ़कर 90 हो गए। विद्यार्थी के अंकों में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई?

- **A.** 25% ✓
- **B.** 20%
- **C.** 10%
- **D.** 15%

Q27 Arithmetic

हल कीजिए: 2 × {17 - 3 × (8 -6)}

- **A.** 26
- **B.** 19
- **C.** 21
- **D.** 22 ✓

Q28 Arithmetic

एक पाइप एक टंकी को 7 घंटे में भर सकता है। दूसरा पाइप भरी हुई टंकी को 21 घंटे में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टंकी का दो-तिहाई भाग भरने में कितना समय (घंटे में) लगेगा?

- **A.** 28
- **B.** 14
- **C.** 21
- **D.** 7 ✓

Q29 Arithmetic

दो बैंक A और B क्रमशः 3.5% और 6% वार्षिक दर पर ऋण देते हैं। अजय, प्रत्येक बैंक से ₹500000 की राशि ऋण पर लेता है। 2 वर्ष बाद अजय द्वारा दोनों बैंकों को भुगतान की गई साधारण ब्याज की राशियों के बीच धनात्मक अंतर ज्ञात कीजिए।

- **A.** 25000 ✓
- **B.** 26000
- **C.** 24500
- **D.** 26500

Q30 Arithmetic

एक खाली भंडारण टैंक में 57 लीटर पेट्रोल डालने के बाद भी यह 1% खाली रह गया था। भंडारण टैंक को भरने के लिए उसमें कितना पेट्रोल (लीटर में, दो दशमलव स्थान तक पूर्णांकित) डालना होगा?

- **A.** 58.58
- **B.** 57.58 ✓
- **C.** 58
- **D.** 56.58

Q31 Arithmetic

$$\left(\frac{64}{64}\right)^{-\left(\frac{3}{2}\right)} \times \left(\frac{2}{8}\right)^{4} \div \sqrt[4]{(16)^{-3}}$$

- **A.** $\frac{1}{22}$
- **B.** $\frac{1}{42}$
- **C.** $\frac{1}{23}$
- **D.** $\frac{1}{32}$ ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q32 Arithmetic

यदि एक पाइप एक टैंक को 5 घंटे में भर सकता है और दूसरा पाइप उसी टैंक को 8 घंटे में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइप एक साथ खुले हों, तो दोनों पाइपों द्वारा 1 घंटे में टैंक का कितना भाग भर जाएगा?

A. $\frac{3}{20}$

B. $\frac{1}{40}$

C. $\frac{3}{40}$ ✓

D. $\frac{1}{10}$

Q33 Arithmetic

उस घन का आयतन ज्ञात कीजिए जिसके विकर्ण की लम्बाई $18\sqrt{3}$ cm है।

A. 1. 5,832 cm^3 ✓

B. 2. 2,538 cm^3

C. 3. 8,235 cm^3

D. 4. 3,258 cm^3

Q34 Arithmetic

28 cm व्यास और 14 m लंबाई वाले किसी तार का आयतन (cm^3 में) ज्ञात कीजिए।

$\left(\pi = \frac{22}{7}\right.$ लीजिए$\left.\right)$

A. 862500

B. 861400

C. 861900

D. 862400 ✓

Q35 Arithmetic

निम्नलिखित समीकरण में 'y' का मान ज्ञात कीजिए।

$72 \div 4 + y \times 6 - 22 = 14$

A. 2

B. 5

C. 4

D. 3 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q36 General Intelligence and Reasoning

सात बॉक्स A, B, C, D, U, V और W एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। V को U के ठीक ऊपर रखा गया है। A को B के ठीक ऊपर रखा गया है। C के ऊपर केवल W को रखा गया है। V के ऊपर केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। A को नीचे से तीसरे स्थान पर नहीं रखा गया है। D और W के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

A. चार
B. दो
C. तीन ✓
D. एक

Q37 General Intelligence and Reasoning

यदि संख्या 91624538 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो मूल संख्या की तुलना में नई संख्या में कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

A. तीन ✓
B. एक भी नहीं
C. दो
D. एक

Q38 General Intelligence and Reasoning

गुरु बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करते हुए पूर्व की ओर 32 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 34 km ड्राइव करता है फिर दाएं मुड़ता है और 35 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 36 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार दाएं मुड़ता है, 3 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना होगा? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

A. 2 km उत्तर की ओर
B. 2 km दक्षिण की ओर ✓
C. 4 km उत्तर की ओर
D. 3 km दक्षिण की ओर

Q39 General Intelligence and Reasoning

किसी निश्चित कूट भाषा में, 'POST' को '3671' के रूप में कूटबद्ध किया गया है, 'SOLE' को '2168' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'TALK' को '5789' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या है?

A. 2 ✓
B. 6
C. 8
D. 1

Q40 General Intelligence and Reasoning

सात मित्र C, D, E, P, Q, R और S, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति बैठे हैं। D के दाएं कोई नहीं बैठा है। Q और E के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E, D के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। R, C के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। P, E के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। S और E के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

A. तीन ✓
B. दो
C. एक भी नहीं
D. एक

Q41 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ बकरियां, टिकट हैं।
कोई घड़ी, टिकट नहीं हैं।
सभी टिकट, कबूतर हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ बकरियां, कबूतर हैं।
(II) कुछ बकरियां, घड़ी नहीं हैं।

A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। ✓
D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q42 General Intelligence and Reasoning

दर्पण बिंदु P से ड्राइव करना शुरू करती है और पश्चिम की ओर 8 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएं मुड़ती है और 10 km ड्राइव करती है। वह फिर से दाएं मुड़ती है और 12 km ड्राइव करती है। वह फिर से दाएं मुड़ती है और 16 km ड्राइव करती है। अंत में वह फिर से दाएं मुड़ती है और 4 km ड्राइव करने के बाद बिंदु Q पर रुक जाती है। बिंदु P पर वापस जाने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना होगा? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री मोड़ हैं।)

- **A.** 6 km उत्तर की ओर ✓
- **B.** 6 km पश्चिम की ओर
- **C.** 6 km पूर्व की ओर
- **D.** 4 km पश्चिम की ओर

Q43 General Intelligence and Reasoning

अक्षरों के उस संयोजन का चयन कीजिए, जिसे दी गई श्रृंखला के रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से रखने पर श्रृंखला पूरी हो जाएगी।

DB_A H_GE _JKI PN_M T_SQ

- **A.** CFMOR
- **B.** CELOR
- **C.** CFLOR ✓
- **D.** CFLOS

Q44 General Intelligence and Reasoning

निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं और गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है)।

(बाएं) 7 2 9 2 5 5 4 3 9 3 2 5 3 9 1 7 1 5 3 3 2 2 8 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है और ठीक बाद में एक विषम अंक भी है?

- **A.** तीन ✓
- **B.** एक भी नहीं
- **C.** एक
- **D.** दो

Q45 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी कॉटेज, इमारत हैं।
सभी कॉटेज, गगनचुंबी इमारत हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ इमारत, गगनचुंबी इमारत हैं।
(II) सभी गगनचुंबी इमारत, कॉटेज हैं।

- **A.** केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। ✓
- **B.** न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- **C.** केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- **D.** निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।

Q46 General Intelligence and Reasoning

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित **नहीं** है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

- **A.** VH – TL
- **B.** ZZ – XD
- **C.** DR – BV
- **D.** AC – DF ✓

Q47 General Intelligence and Reasoning

उस त्रिक का चयन करें, जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक एक ही पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

MT-PW-RU
PW-SZ-UX

- **A.** FL-HO-JN
- **B.** EL-HO-JM ✓
- **C.** EL-HO-JN
- **D.** FL-HP-JN

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q48 General Intelligence and Reasoning

A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। F, B के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। E, F के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। C, E के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। D और E का निकटतम पड़ोसी A है। B के बाईं ओर से गिनने पर B और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

A. चार
B. शून्य
C. तीन ✓
D. एक

Q49 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी बन, ग्राइंडर हैं।
सभी ग्राइंडर, लैंप हैं।

निष्कर्ष:
(I) : कुछ लैंप, ग्राइंडर हैं।
(II) : सभी बन, लैंप हैं।

A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं ✓

Q50 General Intelligence and Reasoning

निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एकल अंक वाली संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।

(बाएं) 2 3 4 7 6 8 1 5 9 2 6 5 7 4 3 8 1 5 9 7 3 4 2 1 5 4 7 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है तथा ठीक बाद एक विषम अंक है?

A. एक
B. दो
C. तीन
D. तीन से अधिक ✓

Q51 General Intelligence and Reasoning

यदि संख्या 2435 के विषम स्थानों के अंकों में 1 जोड़ दिया जाए तथा सम स्थानों के अंक अपरिवर्तित रहें, तो इस प्रकार बनी नई संख्या के पहले अंक और अंतिम अंक का योगफल कितना होगा?

A. 10
B. 11
C. 9
D. 8 ✓

Q52 General Intelligence and Reasoning

उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दिए गए समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना, आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(6, 20, 26)
(4, 14, 20)

A. (12, 34, 40)
B. (9, 29, 23)
C. (5, 17,23) ✓
D. (8, 22, 28)

Q53 General Intelligence and Reasoning

यदि 'A' का अर्थ '÷', 'B' का अर्थ '×', 'C' का अर्थ '+' और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
9 B 2 A 3 C 8 D 3 = ?

A. 9
B. 5
C. 11 ✓
D. 8

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q54 General Intelligence and Reasoning

उस त्रिक का चयन करें, जो दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

DM - JO - PQ
KQ - QS - WU

A. IH - GF – NM
B. EC - KE - QG ✓
C. VU - TR - QO
D. DC - BA - YX

Q55 General Intelligence and Reasoning

निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लें तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) $ < 2 7 > / 7 5 6 / < @ * 6 @ 8 3 9 $ ^ 6 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या तथा ठीक बाद में भी एक संख्या है?

A. तीन
B. दो
C. एक भी नहीं
D. एक ✓

Q56 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में,
'A # B' का अर्थ है 'A, B की माता है',
'A % B' का अर्थ है 'A, B का भाई है',
'A – B' का अर्थ है 'A, B की पत्नी है' और
'A @ B' का अर्थ है 'A, B का पिता है'।

यदि 'K @ L % P # O – Y' है तो K का Y से क्या संबंध है?

A. पत्नी की माता का भाई
B. पत्नी का भाई
C. पत्नी के पिता
D. पत्नी की माता के पिता ✓

Q57 General Intelligence and Reasoning

सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। B और F के बीच केवल पाँच व्यक्ति बैठे हैं। E, F के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। E और D के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। C, G के बाईं ओर किसी एक स्थान पर लेकिन A के दाईं ओर किसी एक स्थान पर बैठा है। B और E के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

A. 2
B. 4 ✓
C. 3
D. 1

Q58 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'all the way' को 'io er sw' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'we all are' को 'tg io nb' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'all' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

A. nb
B. tg
C. sw
D. io ✓

Q59 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A - B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
A * B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'P @ I + T * C - H' है, तो P का H से क्या संबंध है?

A. पिता के भाई की बहन
B. पिता के भाई का पुत्र ✓
C. पिता के भाई की माता
D. पिता के पुत्र की बहन

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q60 General Intelligence and Reasoning

B, E, Y, O, N, D और S में से प्रत्येक का साक्षात्कार सोमवार से प्रारंभ होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होता है। D से पहले केवल तीन व्यक्तियों का साक्षात्कार होता है। E का साक्षात्कार, O के बाद किसी एक दिन और S से पहले किसी एक दिन होता है। Y का साक्षात्कार, N के बाद किसी एक दिन और B के साक्षात्कार से पहले किसी एक दिन होता है। N का साक्षात्कार, D के साक्षात्कार के बाद किसी एक दिन होता है। Y और E के बीच कितने व्यक्तियों का साक्षात्कार होता है?

A. एक
B. शून्य
C. दो
D. तीन ✓

Q61 General Intelligence and Reasoning

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित **नहीं** है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

A. DS - CR
B. LR - JP ✓
C. WH - VG
D. GK - FJ

Q62 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'she is beautiful' को 'ne oq bs' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'where is he' को 'os tr oq' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'is' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

A. ne
B. tr
C. oq ✓
D. os

Q63 General Intelligence and Reasoning

निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

AFC18 DIF27 GLI36 JOL45 ?

A. MRO54 ✓
B. MPL50
C. MNO64
D. MKO55

Q64 General Intelligence and Reasoning

दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

31 63 127 255 ? 1023

A. 611
B. 411
C. 511 ✓
D. 711

Q65 General Intelligence and Reasoning

दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

16 27 49 82 ? 181

A. 126 ✓
B. 127
C. 125
D. 124

Q66 General Intelligence and Reasoning

दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, प्रश्न-चिह्न (?) को निम्नलिखित में से किस अक्षर-संख्या समूह द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए?

MBF69, YPR101, KDD133, WRP165, ?

A. IFB198
B. LFB197
C. ICB197
D. IFB197 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q67 General Intelligence and Reasoning

उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म एक ही पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

KIO : IFJ

JDI : HAD

A. FUP : DRK ✓

B. FPT : DMP

C. CRG : ANB

D. DQW : BNS

Q68 General Intelligence and Reasoning

दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

6 6 9 18 45 ?


A. 140

B. 150

C. 135 ✓

D. 145

Q69 General Intelligence and Reasoning



A.  ✓

B. 


C. 


D. 


Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play


generated by rank.qmaths.in


Q70 General Intelligence and Reasoning



A. 

B. 

C. 

D.  ✓

General Awareness

50 Questions • Answer Key

Q71 General Awareness

एसिटिक अम्ल निम्नलिखित में से किस रसोई सामग्री में पाया जाता है?

A. दूध

B. खाने का सोडा

C. सिरका ✓

D. चीनी

Q72 General Awareness

असम सरकार ने अगस्त 2024 में किस उद्देश्य से 'निजुत मोइना' योजना शुरू की?

A. छात्राओं को सशक्त बनाकर और कम उम्र में विवाह की जगह शिक्षा को बढ़ावा देकर बाल विवाह को खत्म करना ✓

B. उन सभी नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करना जो उचित उपचार का खर्च वहन नहीं कर सकते

C. स्वदेशी बुनकरों का समर्थन करना और उनके पारंपरिक हाथ से बुने हुए वस्तुओं को बढ़ावा देना

D. गरीब परिवारों की वित्तीय कठिनाइयों को खत्म करना

Q73 General Awareness

29 जुलाई 2024 को सेबी द्वारा लॉन्च किए गए कृत्रिम बुद्धिमत्ता-सक्षम चैटबॉट का नाम क्या है?

A. सफ़र

B. सेवा ✓

C. शक्ति

D. सारथी

Q74 General Awareness

सितंबर 2024 में, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 2024-2027 कार्यकाल के लिए निम्नलिखित में से किस आयोग के गठन की मंजूरी दी थी?

A. वित्त आयोग

B. राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग

C. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

D. विधि आयोग ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q75 General Awareness

सितंबर 2024 में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ब्रोकर्स फोरम (BBF) का नया चेयरमैन किसे नियुक्त किया गया?

A. हर्ष मेहता

B. गौतम अडाणी

C. किशोर कंसागरा

D. अनूप गुप्ता ✓

Q76 General Awareness

निम्नलिखित में से कौन, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 'उदारवादी' चरण से संबद्ध **नहीं** था?

A. बिपिन चंद्र पाल ✓

B. दादाभाई नौरोजी

C. गोपाल कृष्ण गोखले

D. सुरेंद्रनाथ बनर्जी

Q77 General Awareness

कलश कोशिकाएं (Goblet cells) विभिन्न अंगों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मानव शरीर में कलश कोशिकाएं मुख्य रूप से कहां स्थित होती हैं?

A. मस्तिष्क में

B. यकृत में

C. पाचन पथ में ✓

D. वृक्कों में

Q78 General Awareness

आउटसोर्सिंग क्या है?

A. माल निर्यात करना

B. माल आयात करना

C. अन्य देशों को कांट्रैक्ट पर सेवाएं प्रदान करना ✓

D. मौद्रिक ऋण देना

Q79 General Awareness

IFFI 2024 में भारतीय पैनोरमा खंड के लिए उद्घाटन फिल्म के रूप में किस फिल्म का चयन किया गया?

A. 12वीं फेल (12th Fail)

B. कल्कि 2898 ई (Kalki 2898 AD)

C. स्वातंत्र्य वीर सावरकर (Swatantrya Veer Savarkar) ✓

D. करखाणु (Karkhanu)

Q80 General Awareness

भारतीय संविधान के भाग IV के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में न्यायपालिका को कार्यपालिका से पृथक करने का प्रावधान है?

A. अनुच्छेद 48

B. अनुच्छेद 49

C. अनुच्छेद 50 ✓

D. अनुच्छेद 51

Q81 General Awareness

12 अगस्त 2024 को, आतंकवाद निरोध पर भारत-ऑस्ट्रेलिया संयुक्त कार्य समूह की 14वीं बैठक कहां आयोजित की गई थी?

A. बेंगलुरु

B. नई दिल्ली ✓

C. मुंबई

D. कोलकाता

Q82 General Awareness

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 52 से 78 निम्नलिखित में से किससे संबंधित हैं?

A. संघ कार्यकारिणी (the Union Executive) ✓

B. राज्य कार्यकारिणी (the State Executive)

C. न्यायपालिका (the Judiciary)

D. विधानमंडल (the Legislature)

Q83 General Awareness

नंदा देवी बायोस्फीयर रिजर्व (Nanda Devi Biosphere Reserve) किस राज्य में स्थित है?

A. हिमाचल प्रदेश

B. ओडिशा

C. कर्नाटक

D. उत्तराखंड ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q84 General Awareness

अगस्त 2024 में, _____ का पता लगाने के लिए केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने आरटी-पीसीआर (RT-PCR) परीक्षण किट्स के निर्माण के लिए सीमेंस हेल्थिनीयर्स (Siemens Healthineers) को स्वीकृति दी थी।

A. स्वाइन फ्लू
B. मंकी पॉक्स ✓
C. स्मॉल पॉक्स
D. डेंगू

Q85 General Awareness

भारतीय संविधान में उल्लिखित राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों (DPSP) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

A. DPSP गैर-संशोधनीय हैं।
B. DPSP कानूनी रूप से बाध्य हैं।
C. DPSP न्यायोचित हैं।
D. DPSP न्यायोचित नहीं हैं। ✓

Q86 General Awareness

निम्नलिखित में से कौन-सा क्रियाशील आर्थिक विकास का एक उदाहरण है?

A. अपनी ब्याज दरों को कम करने वाला देश
B. अधिक माल का उत्पादन करने वाला कारखाना
C. उपभोक्ता मूल्यों में वृद्धि
D. रोजगार के अवसरों तक बेहतर पहुंच ✓

Q87 General Awareness

महाराजाधिराज की वैभवशाली उपाधि धारण करने वाला गुप्त राजवंश का प्रथम शासक कौन था?

A. स्कंदगुप्त
B. विष्णुगुप्त
C. चंद्रगुप्त प्रथम ✓
D. कुमारगुप्त

Q88 General Awareness

ओंकारेश्वर परियोजना निम्नलिखित में से किस नदी से संबंधित है?

A. भीमा
B. तापी
C. नर्मदा ✓
D. चंबल

Q89 General Awareness

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (PMGSY) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. PMGSY एक 100 प्रतिशत केन्द्र प्रायोजित योजना है।
2. यह योजना मैदानी क्षेत्रों में 500 और उससे अधिक लोगों की आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्रों की असंबद्ध बस्तियों को सड़क के माध्यम से ग्रामीण संपर्क प्रदान करती है।
3. यह योजना पहाड़ी क्षेत्रों और पूर्वोत्तर राज्यों पर लागू नहीं है।

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1 और 2 ✓
C. 1, 2 और 3
D. केवल 2 और 3

Q90 General Awareness

एम.एस. गोपालकृष्णन (MS Gopalakrishnan) को भारत में निम्नलिखित में से किस संगीत वाद्ययंत्र को बजाने के लिए जाना जाता है?

A. वायलिन ✓
B. सरोद
C. गिटार
D. सारंगी

Q91 General Awareness

निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

कथन 1: प्रायद्वीपीय भारत में निश्चित शीत ऋतु होती है।
कथन 2: भारत के तटीय क्षेत्रों में तापमान के वितरण पैटर्न में शायद ही कोई मौसमी परिवर्तन होता है।

A. कथन 2 सही है, जबकि कथन 1 गलत है। ✓
B. कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं।
C. कथन 1 सही है, जबकि कथन 2 गलत है।
D. न तो कथन 1 और न ही कथन 2 सही है।

Q92 General Awareness

सागरमाला परियोजना के तहत, परियोजनाओं के समग्र समूह को कितने स्तंभों में विभाजित किया गया था?

A. 5 ✓
B. 9
C. 7
D. 11

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q93 General Awareness

किसी निकाय (system) के लिए जड़त्व आघूर्ण (I) कोणीय वेग (ω) ग्राफ किस तरह दिखता है?

A. चरघातांकी

B. आयताकार अतिपरवलय ✓

C. मूल बिंदु से होकर गुजरने वाली ऋजु रेखा

D. सिग्माभी

Q94 General Awareness

जब दूध दही में परिवर्तित हो जाता है, तो जीवाणु _____ को बढ़ाकर इसकी पोषण गुणवत्ता में सुधार करता है।

A. विटामिन C

B. विटामिन D

C. विटामिन B12 ✓

D. विटामिन A

Q95 General Awareness

अशफ़ाक़उल्ला खान सहित राम प्रसाद बिस्मिल और उनके साथियों ने किस वर्ष काकोरी ट्रेन कांड को अंजाम दिया था?

A. 1920

B. 1918

C. 1925 ✓

D. 1922

Q96 General Awareness

बेकिंग सोडा का रासायनिक नाम (IUPAC) निम्नलिखित में से कौन-सा है?

A. सोडियम हाइड्रोजनकार्बोनेट ✓

B. पोटैशियम बाइकार्बोनेट

C. कैल्शियम कार्बोनेट

D. सोडियम क्लोराइड

Q97 General Awareness

निम्नलिखित में से कौन-सा अधिनियम, माउंटबेटन योजना पर आधारित था?

A. भारत सरकार अधिनियम, 1935

B. संविधान सभा की संरचना

C. भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 ✓

D. साइमन कमीशन, 1927

Q98 General Awareness

1909 के भारतीय परिषद अधिनियम को _____ के नाम से भी जाना जाता है।

A. इल्बर्ट बिल (Ilbert Bill)

B. मॉर्ले-मिंटो सुधार (Morley-Minto Reforms) ✓

C. मोंटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार (Montagu-Chelmsford Reforms)

D. पिट्स इंडिया एक्ट (Pitt's India Act)

Q99 General Awareness

किस हवाई अड्डे को नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के रूप में जाना जाता है?

A. कोलकाता ✓

B. पटना

C. हैदराबाद

D. भुवनेश्वर

Q100 General Awareness

'अकबरनामा' का पहला खंड _____ के इतिहास से संबंधित था।

A. अकबर के पूर्वजों ✓

B. अकबर के शासनकाल की घटनाओं

C. अकबर की सेना और राजस्व

D. अकबर के प्रशासन

Q101 General Awareness

कर्नाटक शास्त्रीय संगीत में पद _____ और तमिल में विद्वत्तापूर्ण रचनाएँ हैं।

A. संस्कृत

B. तेलुगु ✓

C. हिंदी

D. कन्नड़

Q102 General Awareness

जुलाई 2024 में, भारत सरकार ने भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम को केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की किस श्रेणी में अपग्रेड किया?

A. शेड्यूल C

B. शेड्यूल A ✓

C. शेड्यूल B

D. शेड्यूल D

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q103 General Awareness

_____ की घटना के बाद गरमपंथी नेताओं की तिकड़ी, लाल-बाल-पाल काफी लोकप्रिय हो गई थी।

A. द्वितीय विश्व युद्ध
B. अ-सहयोग आंदोलन
C. बंगाल के विभाजन ✓
D. दांडी मार्च

Q104 General Awareness

2024 की तीसरी तिमाही (Q3 2024) के अंत में, आईसीआईसीआई (ICICI) बैंक का निवल एनपीए (NPA) अनुपात कितना था?

A. 0.44% ✓
B. 0.43%
C. 0.55%
D. 0.50%

Q105 General Awareness

8 नवंबर, 2024 को FIH हॉकी स्टार पुरस्कार समारोह में मेन्स गोलकीपर ऑफ द ईयर का पुरस्कार किसने जीता?

A. जरमनप्रीत सिंह
B. सूरज कारकेरा
C. पी.आर. श्रीजेश ✓
D. कृष्ण पाठक

Q106 General Awareness

रवि शंकर एक प्रसिद्ध _____ वादक थे।

A. बांसुरी
B. सितार ✓
C. तबला
D. गिटार

Q107 General Awareness

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की किस धारा के तहत केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA) की स्थापना की गई?

A. धारा 15
B. धारा 21
C. धारा 12
D. धारा 10 ✓

Q108 General Awareness

अनुच्छेद 164 के अनुसार राज्य मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की अधिकतम संख्या कितनी हो सकती है?

A. विधान सभा की कुल संख्या का 12%
B. विधान सभा की कुल संख्या का 15% ✓
C. विधान सभा की कुल संख्या का 20%
D. विधान सभा की कुल संख्या का 10%

Q109 General Awareness

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?

A. गोपाल कृष्ण गोखले
B. व्योमेश चंद्र बनर्जी ✓
C. दादाभाई नौरोजी
D. फ़िरोज़ शाह मेहता

Q110 General Awareness

इसरो ने पर्यावरण निगरानी, आपदा प्रबंधन और सुदूर संवेदन अनुप्रयोगों के लिए डिज़ाइन किए गए उन्नत पेलोड से लैस एक माइक्रोसैटेलाइट को कब लॉन्च किया?

A. 8 सितंबर 2024
B. 16 सितंबर 2024
C. 8 अगस्त 2024
D. 16 अगस्त 2024 ✓

Q111 General Awareness

यूएस-नाइजीरिया _____ परिवहन समझौता, जो 2000 से अस्थायी (provisionally) रूप से अस्तित्व में है, 13 मई, 2024 से लागू हुआ था।

A. रेल
B. सड़क
C. वायु ✓
D. जल

Q112 General Awareness

डॉ. बीआर अंबेडकर को 1947 में स्वतंत्र भारत का _____ नियुक्त किया गया था।

A. रक्षा मंत्री
B. वित्त मंत्री
C. कानून मंत्री ✓
D. शिक्षा मंत्री

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q113 General Awareness

महान भारतीय मरुस्थल (Great Indian Desert) को _____ के नाम से भी जाना जाता है।

A. दक्कन पठार
B. कच्छ मरुस्थल
C. मालवा पठार
D. थार मरुस्थल ✓

Q114 General Awareness

विशाल भारतीय मैदान मुख्यतः _____ के लिए जाने जाते हैं।

A. जलोढ़ मृदा और निम्न कृषीय उत्पादकता
B. जलोढ़ मृदा और उच्च कृषीय उत्पादकता ✓
C. मरुस्थलीय वनस्पति
D. खनिज संसाधन और बालू के टिब्बे

Q115 General Awareness

स्वर्णिम चतुर्भुज (GQ) राजमार्ग नेटवर्क की कुल लंबाई लगभग कितनी है?

A. 7300 km
B. 1235 km
C. 1700 km
D. 5846 km ✓

Q116 General Awareness

भारत में मौसमी बेरोजगारी का उच्चतम स्तर किस क्षेत्र में पाया जाता है?

A. आईटी क्षेत्र
B. स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र
C. शिक्षा क्षेत्र
D. कृषि क्षेत्र ✓

Q117 General Awareness

भारत में मोहन वीणा के आविष्कारक के रूप में किसे जाना जाता है?

A. बुधादित्य मुखर्जी
B. पं. विश्वमोहन भट्ट ✓
C. एम राजम
D. हर शंकर भट्टाचार्य

Q118 General Awareness

2024 में शुरू की गई HSBC इंडिया की वैश्विक शिक्षा भुगतान सेवा, भारतीय विद्यार्थियों को कितने अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में फीस का भुगतान करने की सुविधा देती है?

A. 300
B. 600 ✓
C. 500
D. 400

Q119 General Awareness

भारत को किस वर्ष भुगतान संतुलन के गंभीर संकट का सामना करना पड़ा था, जिसके कारण भारत में आर्थिक सुधारों को लागू किया गया?

A. 1981
B. 1991 ✓
C. 1985
D. 1990

Q120 General Awareness

एसबीआई (SBI) को वित्तीय वर्ष 2024 के अंत तक लाभ में से कितनी धनराशि पुनर्निवेशित करने की प्रत्याशा है?

A. ₹14,205 करोड़
B. ₹40,000 करोड़ ✓
C. ₹47,620 करोड़
D. ₹9,164 करोड़

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Arithmetic

35 Questions • Answer Key

Q1 Arithmetic

कोई निश्चित धनराशि 8% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर से निवेश करने पर 2 वर्ष के अंत में ₹10,580 हो जाती है जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। धनराशि ज्ञात कीजिए।

A. ₹9,400.70
B. ₹9,600.70
C. ₹9,007.64
D. ₹9,070.64 ✓

Q2 Arithmetic

एक खाली भंडारण टैंक में 62 लीटर पेट्रोल डालने के बाद भी यह 10% खाली था। भंडारण टैंक को भरने के लिए उसमें कितना पेट्रोल (लीटर में, दो दशमलव स्थान तक पूर्णांकित) डालना होगा?

A. 69.89
B. 67.89
C. 68.89 ✓
D. 63

Q3 Arithmetic

वह सबसे छोटी संख्या कौन-सी है जिसे 3, 5 और 7 से विभाजित करने पर प्रत्येक स्थिति में शेषफल 5 प्राप्त होता है?

A. 100
B. 110 ✓
C. 95
D. 115

Q4 Arithmetic

₹5,000 की धनराशि 2 वर्षों के लिए 6% की वार्षिक ब्याज दर पर निवेश की जाती है। 2 वर्ष के अंत में, चक्रवृद्धि ब्याज (CI) और साधारण ब्याज (SI) में अंतर कितना होगा? $(1.06)^2 = 1.1236$ का उपयोग कीजिए।

A. ₹48
B. ₹18 ✓
C. ₹28
D. ₹16

Q5 Arithmetic

A और B के बीच की दूरी 1404 km है। नमित A से B तक 69 km/h की चाल से जाता है और 49 km/h की चाल से A पर वापस आता है। नमित की औसत चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए। (दशमलव के दो स्थान तक पूर्णांकित)

A. 57.31 km/h ✓
B. 63.38 km/h
C. 52.33 km/h
D. 60.78 km/h

Q6 Arithmetic

पाँच संख्याओं का योग 655 है। पहली दो संख्याओं का औसत 76 है और तीसरी संख्या 102 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए?

A. 178
B. 200.5 ✓
C. 201.5
D. 179

Q7 Arithmetic

यदि एक घनाभ की लंबाई 2 cm, चौड़ाई 7 cm और आयतन 5278 cm^3 है, तो घनाभ की ऊंचाई (cm में) ज्ञात करें।

A. 384
B. 372
C. 367
D. 377 ✓

Q8 Arithmetic

निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 5 से विभाज्य है?

A. 24317
B. 24311
C. 24315 ✓
D. 24314

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q9 Arithmetic

निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपात सबसे छोटा है?

A. 29 : 36

B. 13 : 45 ✓

C. 28 : 46

D. 24 : 31

Q10 Arithmetic

प्रथम 113 सम संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

A. 114.5

B. 113.5

C. 115

D. 114 ✓

Q11 Arithmetic

यदि किसी त्रिभुज का परिमाप दोगुना कर दिया जाए, तो उसका क्षेत्रफल पिछले क्षेत्रफल का _____ गुना हो जाएगा।

A. 4 ✓

B. 2.5

C. 2

D. 1.5

Q12 Arithmetic

एक डिनर सेट को 15% की छूट के बाद ₹9,775 में बेचा जाता है। डिनर सेट का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।

A. ₹12,250

B. ₹11,500 ✓

C. ₹13,250

D. ₹10,500

Q13 Arithmetic

एक बाइक एक सेकंड में 7 मीटर चलती है। इसकी चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

A. 25.1

B. 25.2 ✓

C. 34.4

D. 26.9

Q14 Arithmetic

पाँच संख्याओं का योग 655 है। पहली दो संख्याओं का औसत 75 है और तीसरी संख्या 116 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए?

A. 195.5

B. 192

C. 194.5 ✓

D. 191

Q15 Arithmetic

एक 338 m लंबी रेलगाड़ी विपरीत दिशा में 6.8 km/h की चाल से चल रहे एक व्यक्ति को 12 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी की चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

A. 94.6 ✓

B. 91.6

C. 90.5

D. 97.5

Q16 Arithmetic

8 संख्याओं का योगफल 912 है। उनका औसत ज्ञात कीजिए।

A. 112

B. 115

C. 114 ✓

D. 113

Q17 Arithmetic

एक खुदरा विक्रेता ₹175 में एक इलेक्ट्रॉनिक वस्तु खरीदता है। उसका ऊपरी खर्च ₹25 है। वह इलेक्ट्रॉनिक वस्तु को ₹340 में बेचता है और x% लाभ कमाता है। x का मान ज्ञात कीजिए।

A. 90

B. 70 ✓

C. 50

D. 60

Q18 Arithmetic

हल कीजिए: 41 - [36 - {48 ÷ 2 - (6 - 8 ÷ 2) ÷ 2}]

A. 27

B. 28 ✓

C. 30

D. 29

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q19 Arithmetic

40 km की दूरी तय करने में अमित को विनय से 2 घंटे अधिक लगते हैं। यदि अमित अपनी चाल दोगुनी कर देता है, तो उसे विनय से 8 घंटे कम लगेंगे। अमित की चाल ज्ञात कीजिए।

A. 4 km/h
B. 11 km/h
C. 12 km/h
D. 2 km/h ✓

Q20 Arithmetic

किसी बिक्री में, एक व्यापारी कई छूट स्कीमों की पेशकश करता है। निम्नलिखित विकल्पों में से सबसे अधिक छूट प्रदान करने वाली स्कीम का चयन कीजिए।

A. प्रत्येक 10% की दो क्रमिक छूट
B. 20% की एकल छूट ✓
C. 10% और 11% की दो क्रमिक छूट
D. 8% और 12% की दो क्रमिक छूट

Q21 Arithmetic

दो बैंक A और B क्रमशः 3.5% और 6% वार्षिक दर पर ऋण देते हैं। अतुल, प्रत्येक बैंक से ₹420000 की राशि उधार लेता है। 3 वर्ष बाद अतुल द्वारा दोनों बैंकों को भुगतान की गई साधारण ब्याज की राशियों के बीच धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

A. 32500
B. 31000
C. 31500 ✓
D. 33000

Q22 Arithmetic

एक संख्या में 40 % की वृद्धि करने पर 3360 प्राप्त होता है। वह संख्या _____है।

A. 4800
B. 2400 ✓
C. 1200
D. 7200

Q23 Arithmetic

एक दुकानदार ₹2,000 में एक घड़ी खरीदता है और उसे ₹2,400 में बेचता है। लाभ का प्रतिशत कितना है?

